महिलाओं की सुरक्षा के लिए जयपुर में चार पिंक बूथ शुरू

कार्यक्रम में महिला सुरक्षा के संबंध में शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन

जयपुर। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने शनिवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से महिला सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पत्रिका गेट, जवाहर सर्किल पर स्थापित महिला सुरक्षा एवं सहायता बूथ (पिंक बूथ) का उद्घाटन किया। वहीं, अशोक नगर टी-पॉइंट (महारानी कॉलेज के पास), गौरव टावर के पास तथा सिटी पार्क, मानसरोवर स्थित अन्य तीन पिंक बूथों का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया।

डीजीपी शर्मा ने इस पहल के लिए पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल एवं जयपुर पुलिस की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि महिला सुरक्षा एवं सहायता बूथ (पिंक बूथ) की स्थापना से महिलाओं एवं बालिकाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित माहौल के साथ-साथ त्वरित सहायता भी उपलब्ध हो सकेगी।

- तीन अन्य बूथों का हुआ वर्चुअल शुभारंभ
- महिलाओं और बालिकाओं को सार्वजनिक स्थानों पर मिलेगी त्वरित पुलिस सहायता



डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने पत्रिका गेट स्थित पिंक बूथ का उद्घाटन किया।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि प्रथम चरण में जयपुर के चार प्रमुख स्थानों पर पिंक बूथ स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर महिला पुलिसकर्मी सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक दो शिफ्टों में उपस्थित रहेंगी।

किसी भी महिला या बालिका को आवश्यकता होने पर तत्काल सहायता, शिकायत के संबंध में मार्गदर्शन एवं आवश्यक पुलिस सहयोग सुनिश्चित हो सकेगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि महिलाओं के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुरक्षित करने के लिए पिंक बूथों पर आधुनिक तकनीक, सीसीटीवी, राजकॉप सिटीजन ऐप एवं क्यूआर कोड आधारित सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उल्लेखनीय है कि पिंक बूथ पर छेड़छाड़, पीछा करने, अभद्र व्यवहार, घरेलू हिंसा सहित महिलाओं से जुड़ी समस्याओं में पुलिस सहायता एवं आवश्यक कार्रवाई की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यहां सुरक्षित प्रतीक्षा स्थल, प्राथमिक उपचार, सैनिटरी पैड तथा पुलिस एवं पीसीआर से तत्काल संपर्क की व्यवस्था होगी।

बूथ पर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त महिला गरिमा हेल्पलाइन 1090 और आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

पिंक बूथ के उद्घाटन के बाद बूथ पर तैनात पुलिस कार्मिकों से डीजीपी शर्मा और कमिश्नर मित्तल ने संवाद किया। इससे पहले कार्यक्रम में महिला सुरक्षा के संबंध में शॉर्ट फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम में स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश, उप महानिरीक्षक पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात एवं प्रशासन) प्रदीप मोहन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रथम) डॉ. रामेश्वर सिंह, पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा सहित आयुक्तालय के अधिकारी एवं कालिका पेट्रोलिंग यूनिट व सुरक्षा सखियों ने सहभागिता की।

शिल्पग्राम में गणगौर जयपुर कला महोत्सव का शुभारंभ: कला-संस्कृति और विरासत के रंगों से सजा परिसर

जयपुर। जयपुर की समृद्ध कला, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को समर्पित पांच दिवसीय 'गणगौर जयपुर कला महोत्सव-2026' का शनिवार को जवाहर कला केंद्र स्थित शिल्पग्राम में भव्य शुभारंभ हुआ।

जयपुर के 300 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस महोत्सव में राजस्थानी लोककला, हस्तशिल्प, चित्रकला, मूर्तिशिल्प, डिजाइन और इंस्टॉलेशन का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। इस आयोजित महोत्सव का शुभारंभ राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की उपस्थिति में हुआ। दोनों अतिथियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया और आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पारंपरिक कलाओं का संरक्षण, कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना और सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजन कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और कला प्रेमियों को विभिन्न कला विधाओं से जुड़ने का अवसर देते हैं।



पांच दिवसीय 'गणगौर जयपुर कला महोत्सव-2026' का जवाहर कला केंद्र स्थित शिल्पग्राम में शुभारंभ हुआ।

आयोजन के कन्वीनर बृज मोहन चांदना ने बताया कि 25 नवंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में 10 से अधिक राज्यों के 200 से अधिक कलाकार भाग ले रहे हैं। आयोजन में 150 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए हैं, जहां विभिन्न कला विधाओं, हस्तशिल्प और कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

महोत्सव में आगंतुकों को पेंटिंग्स और कलाकृतियों की प्रदर्शनी देखने के साथ उनकी खरीदारी का अवसर भी मिलेगा। इसके अलावा वे कलाकारों से सीधे संवाद कर उनकी कला, तकनीक और सृजन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

- जयपुर के 300 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय आयोजन शुरू
- 10 से अधिक राज्यों के 200 से अधिक कलाकार ले रहे भाग
- 150 से अधिक स्टॉल्स पर कलाकृतियों और हस्तशिल्प का प्रदर्शन

8.86 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

जयपुर। जिले में रविवार को उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस (एसएनआईडी) का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जयपुर प्रथम और जयपुर द्वितीय क्षेत्रों में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 8 लाख 86 हजार 269 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके लिए दोनों क्षेत्रों में कुल 6,811 टीकाकरण बूथ बनाए गए हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने के लिए तैनात की गई हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जयपुर प्रथम जिले में अभियान के तहत 4,164 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के 4 लाख 61 हजार 578 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है।

अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्धारित बूथों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों, एएनएम, आशा सहयोगिनियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तैनात किया गया है।

कांग्रेस ने चूरू जिला परिषद में अपने पार्षदों की बाड़ेबंदी की

हनुमान बेनीवाल ने भी नागौर में अपने पार्षदों को आवास पर इकट्ठा किया

जयपुर। आगामी 25 नवंबर को जिला प्रमुख और 27 नवंबर को प्रधानों के चुनाव को देखते हुए प्रदेश में कांग्रेस बीजेपी के अलावा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, भारत आदिवासी पार्टी भी अपने चुने हुए वार्ड मेंबरों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है, कुछ जगहों पर कांग्रेस और भाजपा ने अपने वार्ड मेंबरों की बाड़ेबंदी भी कर दी है ताकि जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव में क्रॉस वोटिंग और वार्ड मेंबरों के पाला बदलने जैसी स्थिति ना बने इसी क्रम में नागौर सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संरक्षक हनुमान बेनीवाल ने जिला परिषद और पंचायत समितियों के चुने हुए अपने वार्ड मेंबरों को शनिवार को नागौर स्थित अपने आवास पर बुला लिया, यहां बेनीवाल ने हारे हुए प्रत्याशियों को भी बुलाया, ताकि आगामी जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव में. पार्टी के जीते हुए वार्ड मेंबर पार्टी के निर्देश के अनुसार वोट डालें हालांकि नागौर जिला परिषद में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को टोटल 37 वार्डों में से 19 वार्डों में सफलता मिली है, यहां पर कांग्रेस पार्टी को 11 और भाजपा को 7 सीट मिली है, इसलिए नागौर जिला परिषद में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का बोर्ड बनना तय है, लेकिन जयपुर जिले में सांगानेर पंचायत समिति में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी सबसे ज्यादा सीटों पर जीती है, सांगानेर पंचायत समिति में टोटल 15 वार्ड में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने 8 वार्डों में जीत हासिल की है और यहां पर कांग्रेस को तीन और भाजपा को तीन सीट मिली है इसलिए यहां भी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का प्रधान चुना जाना सुनिश्चित है, इसी तरह से डूंगरपुर जिला परिषद में भारतीय जनता पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी को 14-14 सीटों पर जीत मिली है, यहां कांग्रेस को 9 सीट मिली है इसलिए डूंगरपुर में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है, यहां देखने वाली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी दोनों में कौन सी पार्टी अपना बोर्ड बनाने में कामयाब होती है या फिर यहां पर कांग्रेस कोई बड़ा गेम खेलने की तैयारी में है

हालांकि चूरू जिला परिषद में टोटल 37 वार्ड में कांग्रेस पार्टी ने 21 सीटों पर जीत दर्ज करके पूरा बहुमत हासिल कर लिया है, यहां पर भारतीय जनता पार्टी को 17 सीटों पर जीत मिली है, चूरू जिला परिषद में जिला प्रमुख के चुनाव में अगर कोई उलट फेर नहीं होता है, या फिर क्रॉस वोटिंग नहीं होती है तो कांग्रेस पार्टी का जिला प्रमुख बनना निश्चित है, लेकिन भाजपा के दिग्गज नेता राजेंद्र राठौड़ चूरू जिला परिषद में अपनी पार्टी का बोर्ड बनाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी ने अपने चुने हुए वार्ड मेंबरों की अज्ञात स्थान पर बाड़ेबंदी भी कर दी है, तथा कांग्रेस पार्टी अपने वार्ड मेंबरों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं


1.07 लाख रुपए की ठगी

जयपुर। बिंदायका थाना इलाके में इंस्टाग्राम पर ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने के नाम पर एक युवती से 1.07 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने पहले वीडियो कॉल कर युवती को ब्यूटी प्रोडक्ट दिखाए और ऑनलाइन भुगतान करवाया। रुपए मिलने के बाद न तो सामान भेजा और न ही रकम वापस लौटाई। उल्टे संपर्क करने पर युवती को एफआईआर दर्ज करवाने की धमकी दी। पीड़िता ने शुक्रवार दोपहर बिंदायका थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।जांच अधिकारी एएसआई नरेश चंद ने बताया कि सिंवार बिंदायका निवासी ज्योति (32) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रेगिंग की रोकथाम विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर। निम्स यूनिवर्सिटी में मेडिकल कॉलेजों में रेगिंग की रोकथाम विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों में रेगिंग की रोकथाम, संबंधित नियामक दिशा-निर्देशों के प्रभावी अनुपालन तथा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सकारात्मक शैक्षिणक वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति सभी हितधारकों को जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.अरविंद द्रावे सीनियर कंसल्टेंट, पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड एवं एंटी-रेगिंग सेल, नेशनल मेडिकल कमीशन,पूर्व महानिदेशक श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार तथा पूर्व संयुक्त सचिव, भारत सरकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मण मित्तल, वाइस चेयरमैन, यूनाइटेड डॉक्टर्स फोरम भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. लक्ष्मण मित्तल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए रेगिंग की रोकथाम के लिए संस्थागत जागरूकता एवं सक्रिय प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य सत्र में डॉ. अरविंद द्रावे ने मेडिकल कॉलेजों में रेगिंग की रोकथाम से संबंधित नियामक प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एंटी-रेगिंग नियमों के सख्त क्रियान्वयन, संस्थागत जवाबदेही, प्रभावी निगरानी व्यवस्था तथा समयबद्ध निवारक कार्रवाई की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने शैक्षिणक जीवन में सुरक्षित, सम्मानित एवं सहयोगपूर्ण वातावरण मिलना चाहिए। यूनिवर्सिटी के फाउंडर व चांसलर प्रो. डॉ बलवीर सिंह तोमर ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सकारात्मक शैक्षिणक वातावरण प्रदान करना है। रैगिंग के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए हम एक ऐसा परिसर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां प्रत्येक विद्यार्थी गरिमा, समानता और आत्मविश्वास के साथ अपनी शिक्षा पूरी कर सके।इस मौके पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, प्राचार्यों, अतिरिक्त प्राचार्यों, संकाय सदस्यों एवं अन्य संस्थागत प्रतिनिधि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में डॉ.अरविंद द्रावे, डॉ. लक्ष्मण मित्तल, वाइस चेयरमैन, यूनाइटेड डॉक्टर्स फोरम उपस्थित रहे।

- रेगिंग-मुक्त मेडिकल कैंपस की दिशा में निम्स यूनिवर्सिटी की पहलः राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के विशेषज्ञ ने किया जागरूक

मीडिया, जनसम्पर्क और मीडिया शिक्षा के भविष्य पर व्यापक मंथन

जयपुर। पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया, जयपुर चैप्टर की ओर से शनिवार को सूचना केंद्र, जयपुर में पीआर कांन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में मीडिया, जनसम्पर्क एवं मीडिया शिक्षा से जुड़े विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, जनसम्पर्क अधिकारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मीडिया एवं जनसम्पर्क के बदलते स्वरूप, व्यावसायिक चुनौतियों, मीडिया शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में मौलिक रचनात्मकता के महत्व पर चर्चा की गई। इस अवसर पर न्यूजलेटर का विमोचन भी किया गया।

जन सम्पर्क सोसाइटी जयपुर चैप्टर के चेयरमैन वीरेंद्र पारीक ने बताया कि कॉन्क्लेव का उद्देश्य मीडिया, जनसम्पर्क और मीडिया शिक्षा से जुड़े अनुभवी पेशेवरों एवं युवा विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता और जनसम्पर्क के विद्यार्थियों को मुख्यधारा के व्यावसायिक मंचों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। अनुभवी पेशेवरों और युवा प्रतिभाओं के बीच संवाद एवं सहभागिता से ही नए विचारों और संभावनाओं को दिशा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि मीडिया और जनसम्पर्क की धाराएं एक-दूसरे की सोर्स और रिसोर्स बनकर समाज तक सूचनाएं एवं विचार प्रभावी ढंग से पहुंचाती हैं। इनके बीच बेहतर संबंध, सामंजस्य और पारस्परिक सम्मान सफलता का आधार हैं।

वरिष्ठ पत्रकार जी राजस्थान के सम्पादक डॉ. मनीष शर्मा ने मीडिया शिक्षा में 30:70 का मॉडल अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत सैद्धांतिक अध्ययन और 70 प्रतिशत व्यावहारिक प्रशिक्षण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया एवं जनसम्पर्क के क्षेत्र में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि वास्तविक कार्यक्षेत्र का अनुभव, निरंतर अध्ययन और विभिन्न क्षेत्रों की समझ जरूरी है। मीडिया रिलेशंस अवसरवादिता पर नहीं, बल्कि वास्तविक एवं दोतरफा संवाद पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने पेशेवरों को बदलते समय के अनुरूप बहुआयामी दक्षताएं विकसित करने और लगातार पढ़ने की आदत बनाए रखने की सलाह दी।

फर्स्ट इंडिया डिजिटल के नेशनल हेड अमित शर्मा ने कहा कि मीडिया शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण और डिजिटल तकनीकों की समझ अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ मीडिया की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना चाहिए। प्रथम पैनल चर्चा में हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रतन सिंह शेखावत ने भाषा की शुद्धता, नैतिकता, बौद्धिक संतुलन और डिजिटल तकनीकों में निरंतर दक्षता विकसित करने पर जोर दिया। वहीं एमिटी यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. तनुमुखर्जी ने अवधारणा के माध्यम से शिक्षण और व्यावहारिक प्रशिक्षण को जोड़ने की आवश्यकता बताई।



पीआर कांन्क्लेव में न्यूजलेटर का विमोचन किया।

- कार्यक्रम में मीडिया एवं जनसम्पर्क के बदलते स्वरूप तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में मौलिक रचनात्मकता के महत्व पर चर्चा

आम-सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य प्राणनाथ भूटानी पुत्र श्री मोतीराम भूटानी, निवासी 377, गुरुनानक, आदर्श नगर, जयपुर, राज0 का पुत्र साहिल भूटानी एवं पुत्रवधू श्रीमती मेघा भूटानी मेरे अभिभाष्य के कहने मे नही है और मेरे अभिभाष्य को गत काफी समय से प्रताडित कर रखा है। जिसके चलते मेरे अभिभाष्य ने पुत्र साहिल भूटानी व पुत्रवधू मेघा भूटानी से अपने समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है यदि कोई भी व्यक्ति इन दोनों से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो इस बाबत वह स्वयं जिम्मेवार होगा। सूचित रहे।
जयपुर (प्रशान्त शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-20/11/26 मो.-9414044441

आम-सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण मोहम्मद भूरा पुत्र वली मोहम्मद कुरैशी व नगीना बेगम पत्नी भूरा कुरैशी निवासीगण सीमा होटल के सामने शंकादास की बगीची आदर्श नगर जयपुर के रहने वाले हैं मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र सलमान कुरैशी व उसकी पत्नी रानीनाज मेरे अभिभाष्यगण के कहने मे नही है अब मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र व पुत्रवधु सलमान कुरैशी व उसकी पत्नी रानीनाज को अपने जीवन व अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मेरे अभिभाष्यगण के साथ दुर्व्यवहार करते हैं तथा कोई व्यक्ति संस्था सरकारी अर्द्धसरकारी संस्था किसी भी प्रकार का लेन देन ऋण या संव्यवहार करते हैं तो उनकी स्वयं की जिम्मेदार होगी मेरे अभिभाष्यगण का अब अपने पुत्र व पुत्रवधु सलमान कुरैशी व उसकी पत्नी रानीनाज से कोई सम्बन्ध व सरोकार नही रहा है।
दिनांक-21/11/26 (नौशाद कुरैशी) एडवोकेट
मो. न.9828293948

अपील की सूचना के अन्तर्गत धारा 385 (1) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973
न्यायालय ADJ-9 जयपुर मेट्रो नगर
मु.नं.13/23 निगरानी
मु.नं.12/23 दिनांक-.....
अमृत एन्टरप्राइजेज बनाम सोनिया कोर
अपील निगरानी विरूद्ध निर्णय दिनांक 11/10/22 व 14/10/22 मुकद्दमा नं. 497/17 व 1551/12 अपराध अन्तर्गत धारा 138 NI Act. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 385 के अन्तर्गत सूचित किया जाता है कि अपीलांट की उपरोक्त अपील इस न्यायालय में दिनांक 25.11.26 बजे 10 सुबह को सुनी एवं निर्णीत की जावेगी।
बनाम सोनिया कोर प्रो. PBS इन्टरनेशनल W/o तलविन्दर सिंह, 6 घ/7 जवाहर नगर जयपुर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-9 जयपुर महानगर द्वितीय

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम तरूणया सैनी (Tarunaya Saini) से बदल कर तरूणय सैनी (Tarunay Saini) पुत्र श्री तुलसी राम सैनी, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी एफ-1, लालपुरिया गगन अपार्टमेंट, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर

I army no 14407188M Ex Hav Anil kumar residing at plot no 134 vinayak vihar niwaru road jhotwara jaipur that i want to change name of my spouse from USHA to USHA DEVI vide affidavit dated 18 nov 2026 before sub divisional jaipur vity south

I army no 15672730L Ex Hav Bhagat Singh Shekhawat R/O mau teh . shri madhopur sikar rajasthan that i want to change name of my dependent from PUSHPENDER SINGH SHEKHAWAT to PUSHPENDRA SINGH SHEKHAWAT vide affidavit dated 16 nov 2026 sub divisional magistrate jaipur city south

I have changed my name Ajij Khan to Aziz Khan S/o Ghasi Khan 47, Kotkhawada, Jaipur, 303908

आम-सूचना सर्वसाधारण आम/खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री रामअवतार शर्मा पुत्र स्व. श्री सीताराम शर्मा निवासी प्लाट नम्बर 303-ए, शिव विहार, मीनावाला प्लाट नम्बर 19, सन्तोष नगर, सिरसी रोड, मीनावाला, जयपुर, क्षेत्रफल 122 वर्गगज को श्री महेन्द्र कुमार जयसवाल, धर्मेन्द्र कुमार एवं उपेन्द्र जैसवाल पुत्रान स्व. श्री दीन दयाल से क्रय करने का इकरार किया है। इस बाबत किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई ऐतराज हो, तो मय साक्ष्य मेरे कार्यालय में आज से अन्दर मियाद 7 दिवस में लिखित आपत्ति दर्ज करावे, बाद मियाद कोई ऐतराज स्वीकार्य नहीं होगा।
एडवोकेट, अश्विनी कुमार पारीक, ए-17, चित्रकूट स्टेडियम, जयपुर मो. 6376400039

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, नरोत्तम टेलर पुत्र राम बाबू टेलर, जाति दर्जी निवासी वार्ड नंबर 13, सैनी कॉलोनी शाहपुरा जिला जयपुर (राजस्थान) का रहने वाला हूं। यह है कि मैं नेहा टेलर (NEHA TAILOR) का प्राकृतिक पिता एवं कानूनी अभिभावक हूँ। मेरी पुत्री का जन्म दिनांक 14.12.2009 को शाहपुरा (जयपुर) में हुआ था। यह कि मेरी नाबालिग पुत्री का नाम स्कूल एवं अन्य रिकॉर्ड में NEHA TAILOR, पिता का नाम NAVRATAN TAILOR तथा माता का नाम SANJU DEVI दर्ज है। यह कि वर्तनी सुधार एवं अभिलेख सुधार के कारण मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम NEHA TAILOR के दस्तावेजो मे दर्ज पिता का नाम NAVRATAN TAILOR से सुधारकर/बदलकर NAROTAM TAILOR तथा माता का नाम SANJU DEVI से सुधारकर/बदलकर SANJANA DEVI कर लिया है। अब भविष्य मे समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय दस्तावेजो मे नये नाम से जाना पहचाना जाये।

नम्बर मिलाइए
8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पानी के मीटर चोरी करने वाले गिरफ्तार

जयपुर। बजाज नगर थाना पुलिस ने पानी के मीटर चोरी करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मीटर चोरी करने वाला और चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के सात पानी के मीटर और वारदात में इस्तेमाल एक्टिवा स्कूटर बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 200 से अधिक पानी के मीटर चोरी करना स्वीकार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लेखराज प्रजापत (22) निवासी कुम्हारों का मोहल्ला, बुडाला बस स्टैंड, गोनेर, शिवदासपुरा और इरसाद मियां (38) निवासी कस्बाताल, विदिशा (मध्यप्रदेश), हाल निवासी सुभाष कॉलोनी, मालपुरा गेट, जयपुर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं। उनसे चोरी की अन्य वारदातों और चोरी के माल की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।बजाज नगर थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह के अनुसार, 17 नवंबर 2026 को मानसिंहपुरा निवासी राकेश, महेश और टीकमचंद ने घरों के बाहर लगे पानी के मीटर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी एक्टिवा स्कूटर पर सवार होकर टोली बनाकर कॉलोनियों में घूमते और घरों के बाहर लगे मीटरों की रैकी करते थे।

कांग्रेस शासन में ग्रामीण ओलंपिक की घोषणाएं रहीं अधूरी : जोगाराम

जयपुर। विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से खेलो राजस्थान यूथ गेम्स को लेकर की गई टिप्पणी पर तंज कसते हुए उनके आरोपों को तथ्यों से परे और भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल की अधूरी घोषणाओं और वादों को भूलकर आज खेलों के नाम पर जनता को गुमराह करने का विफल प्रयास कर रहे हैं। गहलोत की 'बजट फाइल्स' को झूठ का पुलिंदा बताते हुए पटेल ने कहा कि उन पर 'सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली' की कहावत सटीक बैठती है।पटेल ने कहा कि अशोक गहलोत ने जुलाई 2024 में खेलो राजस्थान यूथ गेम्स की घोषणा और प्रतिवर्ष 50 करोड़ रुपये के प्रावधान का उल्लेख करते हुए आयोजन नहीं होने पर सवाल उठाए हैं। वास्तविकता यह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेलों को केवल प्रतियोगिताओं के आयोजन तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि खेल प्रतिभाओं की पहचान, वैज्ञानिक मूल्यांकन, प्रशिक्षण और उनके दीर्घकालिक विकास की समन्वित व्यवस्था विकसित कर रही है।

गहलोत इस व्यापक पहल को नजरअंदाज कर आधे-अधूरे तथ्यों के आधार पर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि खेलो राजस्थान यूथ गेम्स के प्रति प्रदेशभर में उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिल रही है।पटेल ने बताया कि अब तक कुल 2 लाख 31 हजार 166 खिलाड़ियों का पंजीकरण दर्ज किया गया है। इनमें 1 लाख 46 हजार 458 पुरुष, 84 हजार 705 महिला और 3 अन्य श्रेणी के खिलाड़ी शामिल हैं। कुल खिलाड़ियों में 2 लाख 29 हजार 811 राजस्थान के तथा 1 हजार 355 अन्य राज्यों के हैं। प्रतियोगिताओं के लिए 5 हजार 231 टीमों और 1 लाख 86 हजार 835 व्यक्तिगत खिलाड़ियों का पंजीकरण हुआ है।उन्होंने बताया कि जिलेवार भागीदारी में भीलवाड़ा 76 हजार 906 खिलाड़ियों के साथ सबसे आगे है। डीडवाना-कुचामन से 24 हजार 323, नागौर से 9 हजार354, सीकरसे 7 हजार 771, जोधपुर से 7 हजार 770, श्रीगंगानगर से 7 हजार 384 और फलोदी से 5 हजार 593 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। आयु वर्ग के अनुसार 85 हजार 150 खिलाड़ी 15 वर्ष से कम, 1 लाख 15 हजार 398 खिलाड़ी 15 से 30 वर्ष, 21 हजार 805 खिलाड़ी 31 से 45 वर्ष तथा 7 हजार 85 खिलाड़ी 46 से 60 वर्ष आयु वर्ग के हैं। ये आंकड़े प्रदेश में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और विभिन्न आयु वर्गों की व्यापक भागीदारी को दर्शाते हैं।

- विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने बजट फाइल्स को बताया सोशल मीडिया पर झूठ का पुलिंदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda 119 FOUNDATION YEAR
आदर्श नगर शाखा, 495, गली नं. 5, राजा पार्क, आदर्श नगर जयपुर, राजस्थान 302004, ई-मेल: adarsh@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है" के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/ बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

क्रं./लोट सं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते	ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो	कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार	ई-नीलामी की दिनांक ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि (ईएमडी) बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/ वास्तविक)	संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
1.	मैसर्स राजेश एंटरप्राईजेज प्रथम तल, जैन मार्केट, धुला हाउस के सामने, बापू बाजार, जयपुर, राजस्थान **प्रोपराईटर-** स्व. श्री सीता राम कालरा पुत्र श्री चन्द्र भान कालरा **जरिये कानूनी वारिस-** श्रीमती कृष